न्यायालय  सिविल जज(अवर वर्ग),मैंनपुरी।

प्रकीर्ण वाद संख्या–०९/२०१८

श्रीमती राधिका यादव          बनाम          आबाम ।

<u>२७–०२–२०१८</u>

पत्रावली वास्ते आदेशार्थ प्रार्थना–पत्र १३–ग२ पर आज मेरे समक्ष प्रस्तुत हुयी।

<u>निस्तारण प्रार्थना–पत्र १३–ग२</u>

प्रार्थना–पत्र १३–ग२ आवेदिका  की ओर से इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि उक्त प्रकीर्ण वाद में बैंक ऑफ इण्डिया शाखा सिविल लाइन मैंनपुरी में जमा धनराशि के सम्बन्ध में मय ब्याज आख्या मंगाया जाना आवश्यक है।

अतः याचना की गयी है कि बैंक में जमा धनराशि के सम्बन्ध में मय ब्याज आख्या मंगाए जानें की कृपा की जावे।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि आवेदिका बैंक ऑफ इण्डिया मैंनपुरी में जमा धनराशि के सम्बन्ध में मय ब्याज आख्या तलब कराना चाहता है।  अतः न्यायहित में प्रार्थना–पत्र स्वीकार किए जानें योग्य है।

<u>आदेश</u>

प्रार्थना–पत्र १३–ग२ स्वीकार किया जाता है।  बैंक से मय ब्याज आख्या आहूत हो।  पत्रावली वास्ते अग्रिम सुनवाई दिनाँक १०–०४–२०१८ को पेश हो।

सोनिका वर्मा
सिविल जज(अवर वर्ग),मैंनपुरी।
२७–०२–२०१८